राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 29 अप्रेल। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश के बिजली संकट के लिये केन्द्र सरकार को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा मांग के अनुसार कोयला उपलब्ध नहीं करवाने के कारण राजस्थान सहित देश के 16 राज्य बिजली की कमी से जूझ रहे हैं।

श्री डोटासरा ने कहा कि राज्यों को कोयला उपलब्ध करवाने का कार्य केन्द्र सरकार का है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा मांग के अनुसार कोयला उपलब्ध नहीं करवाने के कारण देश के कुल 173 पावर प्लान्ट में से 106 पावर प्लान्ट में कोयले की उपलब्धता शून्य से 25 प्रतिशत के मध्य है तथा देश के चौथाई बिजली प्लान्ट बंद हैं जिनमें से 50 प्रतिशत प्लान्ट कोयले की कमी के कारण बिजली उत्पादन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में बिजली उत्पादक प्लान्टस् द्वारा कोयले की मांग 22 लाख टन प्रतिदिन है किन्तु कोल इण्डिया द्वारा मात्र 16.4 लाख टन कोयले की आपूर्ति की जा रही है जिस कारण देशभर में बिजली की कमी से राज्य जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी, बिहारी, हिमाचल प्रदेश सहित अनेकों राज्यों में 2 से 10 घण्टे की बिजली कटौती की जा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा राजस्थान प्रदेश में बिजली घरों पर प्रदर्शन कर चुनौतीपूर्ण समय में कार्य कर रहे बिजली कर्मचारियों पर अनुचित दबाव डालने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा के 25 में से 25 सांसद चुने गये किन्तु एक भी सांसद अथवा भाजपा का नेता केन्द्र की भाजपा सरकार को राजस्थान की मांग के अनुसार कोयला उपलब्ध करवाने हेतु नहीं कह रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में बिजली संकट केन्द्र सरकार द्वारा कोयला उपलब्ध नहीं करवाने का परिणाम है तथा राज्य में हो रही बिजली कटौती के लिये केन्द्र की भाजपा सरकार पूर्णतया जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता केन्द्र की भाजपा सरकार की नाकामियां एवं प्रदेश के साथ कोयला आपूर्ति में किये जा रहे भेदभाव को छुपाने हेतु प्रदेश सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन कर रहे हैं।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 29 अप्रेल। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा निकाली जा रही आजादी की गौरव यात्रा के जयपुर जिले में आगमन के पश्चात् होने वाले कार्यक्रमों एवं सभाओं की तैयारियों हेतु जिले के विधायकगण एवं विधायक प्रत्याशीगण की बैठक लेकर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

बैठक में मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत, राज्यमंत्री श्री राजेन्द्र सिंह यादव, आरटीडीसी के चेयरमेन श्री धर्मेन्द्रसिंह राठौड़, अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमेन एवं विधायक श्री रफीक खान, हज कमेटी के चेयरमेन एवं विधायक श्री अमीन कागजी, अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के चेयरमेन श्री पवन गोदारा, अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के चेयरमेन श्री शंकर यादव, विधायक श्रीमती गंगा देवी वर्मा, श्री बाबूलाल नागर, प्रदेश कांग्रेस सचिव श्री प्रशांत सहदेव शर्मा, मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वा, सचिव श्री जसवंत गुर्जर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter